- रिटायर्ड कमिश्नर व शिक्षिका से साइबर ठगों ने ऐंठे 1.94 करोड़ II
- होली मिलन में खेली फूलों की होली,बैंड की धुन पर झूमे लोग III
- सिविल सेवा परीक्षा में लखनऊ के मेधावी चमके IV






**रमजान का 17वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:03 | सुन्नी : 6:13 |
| शिया : 4:53 | शिया : 6:22 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# केजीएमयू के ब्लड बैंक में करें रक्तदान, खून की कमी से टालने पड़ रहे ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के ब्लड बैंक में खून का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। खून की कमी के कारण केजीएमयू में मरीजों के ऑपरेशन टालने पड़ रहे हैं। दोनों चिकित्सा संस्थान और अस्पताल प्रशासन ने गंभीर मरीजों की जान बचाने के लिए स्वस्थ लोगों से रक्तदान करने की अपील की है।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में पिछले वर्ष तक हर समय 3500 से 4000 यूनिट खून का स्टॉक रहता था। इस समय स्टॉक घटकर लगभग 2000 यूनिट रह गया है। अस्पताल में रोजाना 250 से 300 यूनिट खून मरीजों को चढ़ाया जा रहा है। सबसे ज्यादा संकट ए और एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप का है। करीब 20 दिनों से इन दोनों ग्रुपों के खून की भारी कमी है। फिलहाल प्रतिदिन केवल 20 से 30 यूनिट खून ही उपलब्ध हो पा रहा है, जबकि जरूरत 60 से 70 यूनिट की रहती है। खून की कमी के कारण इन ब्लड ग्रुप के मरीजों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है। कई बार हालात ऐसे बन रहे हैं कि ऑपरेशन तक टालने पड़ रहे हैं। तीमारदार जैसे तैसे निजी ब्लड बैंकों से खून की व्यवस्था कर रहे हैं। ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. तूलिका चन्द्रा ने बताया कि जिन लोगों का ब्लड ग्रुप ए और एबी पॉजिटिव है, वह रक्तदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के रक्तदान से तीन मरीजों की जान बचाई जा सकती है। इच्छुक लोग केजीएमयू के ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर सकते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि स्वैच्छिक रक्तदान ही इस संकट से निपटने का सबसे बड़ा माध्यम है। खून की मांग को पूरा करने और स्टॉक बनाए रखने के लिए समय-समय पर विभिन्न अस्पतालों में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। लोगों से आग्रह किया गया है कि वे स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करके मरीजों की जान बचाने में योगदान दें।



### लोहिया संस्थान में पर्याप्त स्टॉक

- लोहिया संस्थान के ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुब्रत चंद्रा ने बताया कि संस्थान में 1187 यूनिट खून उपलब्ध है, जिसमें ए और एबी पॉजिटिव ग्रुप का लगभग 350 यूनिट खून है। सभी प्रकार के ब्लड ग्रुप का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

### बलरामपुर अस्पताल में 58 यूनिट ब्लड मौजूद

- बलरामपुर अस्पताल के ब्लड बैंक में कुल 58 यूनिट खून मौजूद है, जिनमें ए पॉजिटिव आठ और एबी पॉजिटिव आठ यूनिट खून है। वहीं, सिविल अस्पताल में एबी पॉजिटिव नौ और ए पॉजिटिव पांच यूनिट खून उपलब्ध है।

### लोकबंधु अस्पताल में 90 यूनिट का स्टॉक

- लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि उनके ब्लड बैंक में लगभग 90 यूनिट खून है। इसमें ए पॉजिटिव पांच और एबी पॉजिटिव आठ यूनिट खून मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि बाकी सभी ब्लड ग्रुप का स्टॉक पर्याप्त है। इच्छुक और स्वस्थ लोग स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आ सकते हैं।



स्थापना दिवस कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब की सदस्य व चिकित्सक।

### केजीएमयू मिल्क बैंक यूनिट की वर्षगांठ मनाई

- **अमृत विचार,लखनऊ :** केजीएमयू स्थित मिल्क बैंक यूनिट की 7वीं वर्षगांठ पर इनरव्हील क्लब लखनऊ बारादरी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब की ओर से मिल्क बैंक यूनिट में उपयोग के लिए सामग्री उपलब्ध कराई गई। केजीएमयू के पैडियाट्रिक (बाल रोग) विभाग के अंतर्गत संचालित इस मिल्क बैंक यूनिट में समय-समय पर नवजात शिशुओं के लिए मातृ दुग्ध उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है। विभाग की डॉ. शालिनी, डॉ. स्तुति, डॉ. अंशिका क्लब की अध्यक्ष हेमा गुप्ता, दीपा सिंघल, सुषमा गर्ग, हेमलता कुंवर समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ



### अयोध्या-अमृतसर स्पेशल ट्रेन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली के बाद काम पर लौटने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन 7 मार्च को अयोध्या से अमृतसर के लिए स्पेशल ट्रेन चलाएगा। ये ट्रेन लखनऊ होकर जाएगी। इससे लखनऊ से पंजाब जाने वाले यात्रियों को भी राहत मिलेगी। उत्तर रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार ट्रेन संख्या 04683 अयोध्या धाम जंक्शन से शाम 5 :30 बजे रवाना होगी और रात 8 :50 बजे लखनऊ पहुंचेगी। यहां 10 मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन आगे बढ़ेगी। यह मुरादाबाद, शाहजहांपुर, अंबाला कैंट, पटियाला, धुरी, लुधियाना और जालंधर होते हुए अगले दिन शाम 4 :50 बजे अमृतसर पहुंचेगी।

### आज सुबह तिलक नगर में बाधित रहेगी जलापूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऐशबाग जोन-2 स्थित तिलकनगर वार्ड में ऐशबाग पुल के नीचे पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण शनिवार सुबह क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित रहेगी। महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि ऐशबाग पुल के नीचे से गुजर रही जलापूर्ति पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने पर टीम को तत्काल भेजा गया। पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य चल रहा है। इसके चलते तिलकनगर क्षेत्र में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

### पीजी कॉलेज ने चुकाया एक करोड़ रुपये टैक्स

**अमृत विचार,लखनऊ :** महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आशियाना ने शुक्रवार को नगर निगम का बकाया गृहकर पूर्ण भुगतान कर दिया है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा प्राचार्य डॉ. सुमन गुप्ता के नेतृत्व में कुल 1,05,26,787 रुपये धनराशि जमा की गई। ये कार्यवाही अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव व मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह के नेतृत्व में की गई। जोन-8 के जोनल अधिकारी विकास सिंह, कर निर्धारण अधिकारी दिव्यांशु पांडेय, कर अधीक्षक राम अचल एवं सुरेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक अनुज गौड़, लिपिक सागर दास ने धनराशि जमा कराई।

### हटाया अतिक्रमण, ठेले और सामान किए जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को नगर निगम ने सघन अभियान चलाया। प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों व फुटपाथ से अतिक्रमण हटाते हुए सामान जब्त किया। जोन-7 के अंतर्गत जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम ने पॉलिटेक्निक चौराहे से चिनहट चौराहे तक सड़कों के किनारे, नालियों एवं नालों की पट्टियों पर ठेले, गुमटियों और अस्थायी दुकानें हटाईं। टीम ने ठेलियां, तराजू, टेबल और कुर्सियां जब्त की। यह कार्रवाई अधीक्षक विनय मौर्य, ईटीएफ की टीम तथा 296 टीम ने की। इसके अतिरिक्त शहर में अवैध होर्डिंग, बैनर एवं पोस्टरों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। जोन-8 में जोनल अधिकारी विकास सिंह के नेतृत्व में 296 टीम ने बेहसा मोड़ से सरोजनी नगर गुडौरा तक ठेले और खोमचे हटवाए। बैट्री, ठेला, स्टूल, सिलेंडर समेत अन्य दुकानदारों का अन्य सामान जब्त किया।

# तैयारी कर लें, गर्मी में ट्रिपिंग हुई तो अफसरों पर कार्रवाई

## समीक्षा बैठक में पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने कसे पेंच

- अमौसी रेड, जानकीपुरम के एक्सईएन को प्रतिकूल प्रविष्टि
- अमौसी क्षेत्र के एसी व एक्सईएन को आरोप पत्र देने के भी आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गर्मियों में लखनऊ में किसी भी स्थिति में बिजली की ट्रिपिंग नहीं होनी चाहिए। इसके लिए हर संभव सुधार कर लें और तैयारियों की प्रतिदिन समीक्षा करें। इसके बावजूद बिजली गुल होने से उपभोक्ताओं को परेशानी हुई तो संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ये निर्देश शुक्रवार को हुई समीक्षा बैठक में पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने दिए। लापरवाही बरतने पर अमौसी (रेड) और जानकीपुरम के अधिशासी अभियंताओं को प्रतिकूल प्रविष्टि भी दी गई। अमौसी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता को आरोप पत्र सौंपने के भी आदेश दिए।


पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने शक्ति भवन में शुक्रवार को बिजली व्यवस्था और गर्मियों में आपूर्ति की तैयारियों की समीक्षा की। इसमें उन्होंने कहा कि मुख्य अभियंताओं को पूरी मुस्तैदी के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें यदि कहीं भी अव्यवस्था हुई या उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी हुई तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करके कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नए बिजली कनेक्शन के आवेदनों, 1912 हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण और ट्रांसफॉर्मर फुंकने की शिकायतों की भी रोजाना समीक्षा करने के निर्देश दिए।

इन मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डॉ. गोयल ने कहा कि यदि फ्यूज सही तरीके से लगाए जाएं तो ट्रांसफॉर्मर फुंकने की नौबत ही नहीं आती है। इसके बावजूद ट्रांसफॉर्मर फुंकते हैं तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि, कर्मियों से सुरक्षा उपकरणों के मरम्मत कार्य नहीं कराए जाएं। बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं की स्थिति में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। बैठक में पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, मध्यांचल की एमडी रिया केजरीवाल समेत लेसा और मध्यांचल के कई अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल।

### सर्वर ठप होने से कामकाज प्रभावित



- **अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती के जानकीपुरम उपकेंद्र पर शुक्रवार सुबह से सर्वर ठप होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सर्वर बंद होने की वजह से बिलों के समायोजन से लेकर मीटर रीचार्ज और बिलों को जमा करने संबंधी कामों के प्रभावित होने के साथ विभाग का कामकाज भी प्रभावित हो गया । इस दौरान उपभोक्ता अपनी शिकायतों और जरूरी कार्यों के लिए पुरानिया डिवीजन के चक्कर लगाने को मजबूर रहें। विभागीय जानकारी के अनुसार, लगातार पांच दिन की छुट्टी के बाद कर्मचारी शुक्रवार को दफ्तर पहुंचे हैं। इस बीच पहले से ही कई शिकायतें लंबित पड़ी हुई थीं, जिनका निस्तारण होना बाकी है। लेकिन सर्वर बंद होने के कारण कर्मचारियों को भी कामकाज करने में दिक्कत होने के साथ उपभोक्ताओं के कार्य आज नहीं हो पाए। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालय आना पड़ रहा है, लेकिन सर्वर ठप होने के कारण न तो शिकायत दर्ज हो पा रही है और न ही अन्य कार्य पूरे हो रहे हैं। वहीं इस मामले में एई (आईटी) का कहना है कि सर्वर बंद होने की जिम्मेदारी उनकी नहीं है।

## एलडीए के फ्लैटों पर दो लाख रुपये तक की छूट

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने त्योहार पर फ्लैटों में पहले आओ पहले पाओ स्कीम निकाली है। 27 मार्च तक किसी भी योजना के अपार्टमेंट में फ्लैट बुक कराए जा सकते हैं। इसके अलावा शहर की प्राइम लोकेशन पर स्मृति, श्रवण, पूर्वा एवं सनराइज (मृगशिरा) अपार्टमेंट के 1 बीएचके, 2 बीएचके व 3 बीएचके के फ्लैट खरीदने पर दो लाख रुपये तक की छूट मिलेगी।



यानी 20 लाख से 50 लाख रुपये तक का फ्लैट खरीदने पर एक लाख रुपये की छूट मिलेगी।

50 लाख से 75 लाख रुपये तक के अपार्टमेंट पर डेढ़ लाख रुपये तक की छूट व 75 लाख रुपये से अधिक कीमत का फ्लैट खरीदने पर 2 लाख रुपये की छूट एलडीए देगा।आवंटन के 45 से 90 दिन के भीतर पूर्ण भुगतान करने पर 6 से 3 फीसद तक की छूट मिलेगी। सरकारी कर्मचारी को 25 फीसद एवं सामान्य नागरिक 35 फीसद भुगतान पर तुरंत कब्जा मिलेगा।

# 1,352 से बढ़ा 7,830 रुपये कर दिया गृहकर

## नगर निगम के समाधान दिवस में सावित्री देवी ने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के समाधान दिवस पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग गृहकर अधिक होने की शिकायत लेकर पहुंचे। खुदरा की सावित्री देवी ने बताया कि आवासीय भवन का गृहकर 1,352 रुपये से बढ़ाकर 7,830 कर दिया। वर्ष 2024-25 तक का पूरा भुगतान कर दिया। इसके बाद भी 32,146 रुपये का बकाया बताया जा रहा है। सेक्टर-जी जानकीपुरम् के राम बख्श ने बताया कि आवासीय भवन का गृहकर 1,063 के हिसाब से 2024-25 तक संपूर्ण भुगतान किया। किंतु बिना नोटिस व जानकारी दिए गृहकर बढ़ाकर 22,680 कर दिया।दरियापुर, तालकटोरा की 90 वर्षीय विशुना ने गृहकर माफ करने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि एक कमरे के मकान में अकेले रहतीं हैं। गृहकर 324 रुपये आता है। कमाई का कोई जरिया नहीं है, इससे तीन वर्ष का गृहकर 972 रुपये हो गया है।

सूर्योदय कॉलोनी अशोक भार्गव ने महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार को बताया कि स्टेशन रोड पर उनका बाइक का शोरूम व वर्कशॉप था। वर्ष 2019 में कोर्ट के आदेश पर इसे बंद कर दिया गया था। इसकी सूचना दीवार व गेट पर चस्पा की थी। कोर्ट के आदेश पर वर्ष 2025 में भवन खोला गया। नगर निगम हर वर्ष बंद भवन का जल व गृहकर लगाता गया। वर्ष 2025 तक कुल पांच लाख रुपये जल व गृहकर की बकायेदारी दिखाकर नोटिस जारी कर दी। कार्यालय व समाधान दिवस में बराबर शिकायतें शिकायतें की। बाबू ने पत्रावलियों में फर्जी हस्ताक्षर कर दिए। अभिलेखों संबंधित पत्रावली गायब कर दी। इससे मामला और उलझ गया। बुजुर्ग होने के साथ वह हृदयरोगी हैं, चलने फिरने में असमर्थ हैं।मोहम्मद यूसुफ व मोहम्मद फहीम ने बताया कि लालजी टंडन वार्ड के इज्जत नगर में पांच वर्ष से अधिक समय से सड़क व नाली का निर्माण नहीं हुआ है। निकासी न होने के कारण जलभराव रहता है।



समाधान दिवस में शिकायतें सुनतीं महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

### सीढ़ियों से हांफते पहुंचे बुजुर्ग, एक की तबियत बिगड़ी

- नगर निगम मुख्यालय की लिफ्ट खराब होने से फरियादियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी मंजिल पर त्रिलोकी नाथ हाल में आयोजित समाधान दिवस में सीढ़ियों से आनाजाना हुआ। सबसे ज्यादा बुजुर्गों को पहुंचने में परेशानी हुई है। जो हांफते और सांस फूलते हुए ऊपर-नीचे पहुंचे। इस बीच वजीरगंज निवासी राम दुलारी की सीढ़ियां चढ़ने से हालत बिगड़ गई। महापौर ने लिफ्ट खराब होने की जानकारी पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और तत्काल सही कराने के निर्देश दिए।

# प्रेरणा स्थल के सामने बनेगा पार्क व्यू अपार्टमेंट

- एलडीए बनाएगा 364 प्रीमियम फ्लैट, आज से पंजीयन
- 16 से 20 फ्लोर के बनेंगे चार टॉवर, लोकेशन प्राइम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण बसंतकुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने पार्क व्यू अपार्टमेंट्स बनाएगा। 16 से 20 फ्लोर के चार टावर में 364 प्रीमियम फ्लैट होंगे। अपार्टमेंट का निर्माण तीन वर्ष में पूरा होगा और पांचवें वर्ष फ्लैटों पर कब्जा मिलेगा। फ्लैटों के पंजीयन 7 मार्च से 6 अप्रैल तक के लिए खोले गए हैं। आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पार्क व्यू अपार्टमेंट्स की कनेक्टिविटी और लोकेशन काफी प्राइम होगी। यह पुराने लखनऊ के घनी आबादी के पास वाले क्षेत्र में बनेगा, जहां वर्तमान में आवासीय जरूरतें पूरी करने के लिए ऐसी जगह मिलना मुश्किल है। पार्क व्यू अपार्टमेंट, राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सम्मुख स्थित है, जहां से कुछ ही दूरी पर ग्रीन कॉरिडोर, आईआईएम रोड, दुबग्गा रोड और चौक जैसे महत्वपूर्ण एरिया जुड़े हैं। अपार्टमेंट के निर्माण के लिए ऑनलाइन डिमांड सर्वे कराया था। सकारात्मक परिणाम मिलने के बाद परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। पंजीकरण एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से किए जाएंगे। फ्लैट के अनुमानित मूल्य की पांच फीसद धनराशि बतौर पंजीकरण शुल्क जमा करनी होगी, जोकि आरक्षित वर्ग के लिए 2.5 फीसद होगी।

### 154 एवं 195 वर्गमीटर का होगा फ्लैट

- लगभग 13,350 वर्गमीटर क्षेत्रफल के पार्क व्यू अपार्टमेंट्स के टावर ए एवं बी में 16-16 फ्लोर, टावर सी में 20 फ्लोर तथा टावर डी 17 फ्लोर बनेंगे। अपार्टमेंट में 3 बीएचके एवं 3 बीएचके सर्वेंट श्रेणी के कुल 364 फ्लैट बनेंगे। प्रत्येक फ्लैट लगभग 154 एवं 195 वर्गमीटर का होगा, जिसमें 3 बीएचके की कीमत लगभग 75 लाख रुपये एवं 3 बीएचके सर्वेंट श्रेणी की कीमत लगभग 95 लाख रुपये से शुरू होगी।

### स्वीमिंग पूल, 455 वाहनों की पार्किंग

- विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सोसाइटी में स्वीमिंग पूल, पार्क, क्लब हाउस, किड्स प्ले-एरिया, पावर बैकअप, 455 से अधिक वाहनों की पार्किंग आदि की सुविधा होगी। अपार्टमेंट से राष्ट्र प्रेरणा स्थल सामने ही दिखाई देगा। लोगों की व्यावसायिक जरूरतें पूरी करने के लिए कैम्पस में ही कॉमर्शियल दुकानें भी बनेंगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे** — लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों पर कॉनकोर्स एरिया में लगाए गए एलईडी स्क्रीन

# यात्रियों को दिखाए जा रहे स्टेशनों और ट्रेनों में फिल्माए गए सीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों पर कई फिल्मों और वेब सीरीज की शूटिंग की गई है। स्टेशन परिसरों और ट्रेनों में शूट के लिए फिल्मों के क्लिप लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर यात्रियों को दिखाए जा रहे हैं। इसके लिए कॉनकोर्स एरिया में एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों के मनोरंजन के साथ स्टेशनों पर हुई फिल्म शूटिंग की जानकारी देना भी है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार लखनऊ मंडल के कई स्टेशनों पर फिल्मों और वेब सीरीज़ की शूटिंग की गई है। लखनऊ सिटी स्टेशन पर 2017 में बरेली की बर्फी, 2019 में जबरिया जोड़ी, 2020 में छोटे नवाब, 2021 में 14 फेरे , 2022 में निकम्मा, 2022 में ब्रीथः इन्टू द शेडो सीजन-2 , 2023 में इंस्पेक्टर अविनाश, 2023 में कंजूस मक्खीचूस , 2024 में द उमेश क्रॉनिकल्स और 2025 में कंट्रोल व सिंगल सलमा फिल्मों की शूटिंग की गई। इसी तरह लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर वर्ष 2019 में पति, पत्नी और वो, वर्ष 2021 में 14 फेरे, ऐशबाग कोचिंग डिपो में वर्ष 2019 में फैमिली ऑफ ठाकुरगंज, 2022 में माई , 2024 में भईया जी व 2025 एक चतुर नार में की शूटिंग हुई थी। ऐशबाग स्टेशन पर वर्ष 2023 में मिशन मजनू, मोहिबुल्लापुर स्टेशन पर 2022 में फिल्म दीया और वेब सीरीज की शूटिंग की गई।




जंक्शन स्टेशन पर एलईडी स्क्रीन पर फिल्म का सीन।

### मेट्रो में चलेगी 'एग्जीबिशन ऑन व्हील्स'

- महिला दिवस पर 'शक्ति मेट्रो' की शुरुआत
- हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर बनेगी 'वॉल ऑफ ग्रैटिट्यूड'
- महिला यात्रियों के लिए संगीत कार्यक्रम भी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ मेट्रो विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार शनिवार को विशेष शक्ति मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके साथ ही सप्ताहभर चलने वाले एग्जीबिशन ऑन व्हील्स की शुरुआत होगी। इसमें देश की प्रेरणादायक महिला हस्तियों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

शुरुआत दोपहर 2 बजे सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन से होगी। एमडी सुशील कुमार और अन्य अधिकारी विशेष रूप से डिजाइन की गई मेट्रो ट्रेन में प्रदर्शनी देखेंगे।

लखनऊ मेट्रो के नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर पर एक सप्ताह तक मेट्रो से यात्रा करने वाले यात्री इसे देख सकेंगे। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 'वॉल ऑफ ग्रैटिट्यूड' का भी अनावरण किया जाएगा। यहां यात्रियों को उन महिलाओं के लिए संदेश लिखने का अवसर मिलेगा, जिन्होंने उनके जीवन को प्रेरित किया है। लोग मां, पत्नी, बहन, शिक्षक, सहकर्मी और अन्य प्रेरणादायक महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त कर सकेंगे। हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर शो योर टैलेंट पहल के तहत एक संगीत कार्यक्रम होगा। इस ओपन-फॉर-ऑल कार्यक्रम में महिला यात्री कराओके की मदद से अपने पसंदीदा गीत गा सकेंगी।

इससे स्टेशन पर उत्साहपूर्ण माहौल बनेगा और महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। एमडी सुशील कुमार ने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान को सम्मान देना है।

### स्ट्रेटिजिक कम्युनिकेशन कॉनक्लेव आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय सेना की मध्य कमान शनिवार को छावनी स्थित सूर्य सभागार में "उभरते सूचना क्षेत्र में सामरिक संचार" विषय पर प्रथम स्ट्रेटिजिक कम्युनिकेशन कॉनक्लेव आयोजित करेगी। एक दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना में सामरिक संचार पर चर्चा होगी। पैनलिस्ट और वक्ताओं में वरिष्ठ राजनयिक, सरकारी संचार विशेषज्ञ और मीडिया जगत के रक्षा एवं विदेश नीति विशेषज्ञ शामिल होंगे। चर्चाओं में सामरिक संचार को एक परिचालन क्षमता और राज्य-प्रबंधन के साधन के रूप में संस्थागत रूप देने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के सभी चार सत्रों का मध्य कमान के सोशल मीडिया हैंडल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रौद्योगिकी-सक्षम रणनीतिक संचार, रणनीतिक कर्ता के रूप में मीडिया, कूटनीति-मीडिया-सैन्य अभिसरण, भारत की वैश्विक छवि का प्रबंधन और विरोधी विचारधारा अभियानों पर चर्चा की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### साड़ी में लगी आग महिला की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगराम के देवीखेड़ा गांव में गुरुवार दोपहर किचन में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में रिसाव होने से महिला की साड़ी में आग लग गई। पतौना मजरा देवीखेड़ा गांव निवासी जगमोहन यादव किसान हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार दोपहर पत्नी नीरजा यादव (40) रसोई घर पर गैस चूल्हे पर खाना पका रही थी। इस बीच सिलेंडर में अचानक गैस रिसाव होने लगा। जिससे आग रसोई गैस सिलेंडर में लग गई। जबतक नीरजा कुछ समझ पाती की आग की लपटों ने साड़ी को पकड़ लिया। लपटों में घिरी नीरजा चिल्लाते हुए रसोई घर से बाहर की ओर भागी। शोर सुनकर परिजन मदद के लिए दौड़े। परिवारवालों ने कंबल डालकर नीरजा के शरीर में लगी आग को बुझाया। बुरी तरह से झुलसी नीरजा को परिजन ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल) पहुंचाया। इलाज के दौरान शुक्रवार को नीरजा ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंची पुलिस ने परिजन से पूछताछ कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### शॉर्ट सर्किट से लगी दुकान में आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर के न्यू हैदराबाद तिराहे पर स्थित राजकुमार कचौड़ी भंडार में शुक्रवार दोपहर आग लग गई। एफएसओ हजरतगंज ने बताया कि बाराबंकी जिले के रहने वाले रामकुमार की न्यू हैदराबाद तिराहे पर राजकुमार कचौड़ी भंडार नाम से दुकान है। होली पर सोमवार को दुकान बंद कर वह घर चले गए। पड़ोसी दुकानदार मोहित अग्रवाल ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे दुकान से धुआं निकलते हुए दिखाई दिया। देखते ही देखते आग की लपटें भड़क उठी, आनन-फानन में उन्होंने बिजली विभाग को फोन कर लाइन कटवाई। जानकारी मिलते ही चौकी इंचार्ज न्यू हैदाराबाद और हजरतगंज फायर स्टेशन से दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंच गई। दुकान में लगा ताला काटकर दमकलकर्मी दुकान में दाखिल हुए और पानी डालना शुरु किया। कुछ ही देर में आग बुझा दी गई। एफएसओ राम कुमार रावत का कहना है कि अग्निकांड में दुकानदार का हजारों का नुकसान हुआ है।

### संदिग्ध परिस्थिति में क्लीनर की मौत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर में शुक्रवार ट्रक क्लीनर अमित कुमार (32) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कानपुर के सजेती घाटमपुर थाना अंतर्गत खानपुर गांव निवासी अमित कुमार अपने गांव के ही रहने वाले प्रदीप के ट्रक पर क्लीनर था। बुधवार को दोनों पुणे से अपनी ट्रक में टाटा के पार्ट्स लेकर सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित मलूक इंडस्ट्रीज कंपनी पहुंचे। लेकिन कंपनी में छुट्टी होने के कारण उनकी गाड़ी खाली नहीं हुई। जिसकी वजह से दोनों अपने ट्रक सहित यहीं रुक गए। इस दौरान अमित ने बुधवार और गुरुवार को जमकर शराब पी। उसे अधिक शराब के नशे में देख चालक प्रदीप ने गुरुवार रात उसे ट्रक के अंदर केबिन में बिठाया और दोनों वहीं सो गए। शुक्रवार सुबह जब प्रदीप नींद से सोकर जागा तो अमित ट्रक के अंदर नहीं मिला। प्रदीप ने नीचे उतर कर देखा तो अमित वहीं ट्रक के पास जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। इस पर प्रदीप ने उसे सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव प्रजापति के मुताबिक शुरूआती जांच में सामने आया कि अधिक शराब पीने से मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही वजह सामने आयेगी।

### पूर्व परियोजना प्रबंधक पर धोखाधड़ी का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन ओक कंपनी के पूर्व परियोजना प्रबंधक पर धोखाधड़ी का आरोप लगा है। आरोप है कि आरोपी ने करीब 35 माह की नौकरी के दौरान ठेकेदारों की सांठगांठ से कंपनी में वित्तीय अनियमितताएं की। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लीगल हेड महेशर नियाज ने बताया कि उनकी कंपनी वन ओक का कार्यालय साइबर हाइट्स में है। कंपनी सुशांत गोल्फ सिटी व अंसल एपीआई में नेचुरा परियोजना का काम कर रही है। कंपनी में अवनीश सिंह 7 दिसंबर 2023 से 15 जनवरी 2026 तक परियोजना प्रबंधक के पद पर थे। उसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने छानबीन की तो पता चला कि अवनीश ने कार्यकाल में ठेकेदारों की सेटिंग में वित्तीय अनियमित्ताएं कर लाभ अर्जित किया।

## मुस्तैदी



बड़े इमामबाड़े में शुक्रवार की नमाज को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से लगी पुलिस।



बड़े इमामबाड़े में शुक्रवार की नमाज को पढ़कर बाहर निकलते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

# रिटायर्ड कमिश्नर व शिक्षिका से साइबर ठगों ने ऐंठे 1.94 करोड़

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर चिनहट की बुजुर्ग शिक्षिका से ठगे करीब 26 लाख

- **पॉलिसी मैच्यूरिटी का झांसा देकर तालकटोरा के रिटायर्ड कमिश्नर से ऐंठे 1.67 करोड़**

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** शेयर ट्रेडिंग में निवेश और पॉलिसी पर मैच्यूरिटी दिलाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने सीजीएसटी के रिटायर्ड कमिश्नर व शिक्षिका से 1.94 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। चिनहट की महिला से 18 बार में 1.67 करोड़ से अधिक रुपये लिए गए तो राजाजीपुरम के बुजुर्ग से तमाम मदों के नाम पर 26 लाख से अधिक रकम ट्रांसफर करायी गयी। साइबर थाना पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

चिनहट के कृष्ण विहार कॉलोनी निवासी 75 वर्षीय अध्यापिका गीता कुमार ने बताया कि नवंबर 2025 में व्हाट्सएप पर मैसेज आया। जिसमें नाका सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करने पर मुनाफे की बात कही गयी। संपर्क करने पर जालसाज ने लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन कराया। पीड़िता ने बताया कि उपनगरीय क्षेत्रों में वंचित बच्चों के लिए एक स्कूल का विस्तार करने के उद्देश्य से निवेश के लिए हामी भर दी। जालसाजों ने कंपनी को यूके की बताया।

इसके बाद जालसाजों ने कई केवीईसी फार्म व क्रेडिट एग्रीमेंट भेजे गए। उसके बाद निवेश, टैक्स व निवेश का बीमा के नाम पर जालसाजों ने उकसाया। जाल में फंसाकर पीड़िता से 10 नवंबर से 24 फरवरी तक 18 बार में 1,67,50,000 रुपये ट्रांसफर करा लिए। मांग बढ़ने पर पीड़िता ने खाते में रुपये नहीं होने की बात कही तो आरोपियों ने कैश मांगा। इसपर गीता का माथा ठनका। पड़ताल की तो ठगी का पता चला। उन्होंने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, तालकटोरा के राजाजीपुरम सी-ब्लॉक निवासी वंदना सेंसिल ने बताया कि पिता राजेंद्र कुमार सेंसिल सेंट्रल एक्साइज में कमिश्नर पद से रिटायर्ड हैं। पिता की मैक्स लाइफ इंश्योरेंस में मल्टीपल इंश्योरेंस पॉलिसी थी। 13 जनवरी को पिता के मोबाइल पर एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने अपना परिचय जीबीआईसी डिपार्टमेंट से अतुल मेहरा बताया। कहा कि उनका विभाग सरकारी है, जो इंश्योरेंस से संबंधित ग्रीवेंस के समाधान का काम करती है। पिता ने पहले ऑनलाइन ग्रीवेंस अप्लाई किया था।

लिहाजा बुजुर्ग राजेंद्र जाल में फंस गए। जालसाज ने कहा कि आपकी मल्टीपल पॉलिसी की मैच्यूरिटी 1.30 करोड़ है। क्लेम के लिए स्टांप ड्यूटी, सर्विस चार्ज समेत तमाम मदों के नाम पर 26,43,407 रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता ने बताया कि पिता ने अपने एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक और भाई वरदान के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से दिए थे। ठगी का एहसास होने पर राजेंद्र की तबीयत खराब हो गयी। पीड़िता वंदना ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### महिला समेत चार के खातों से उड़ाए 9.72 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाज लगातार लोगों की गाढ़ी कमाई लूट रहे हैं। जालसाजों ने महिला समेत चार के खातों से 9 .72 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से ठगी की तो कहीं विद्युत कनेक्शन और ओएलएक्स के नाम पर फंसाया। साइबर ठगी के यह मामले गाजीपुर, पीजीआई, पारा व चिनहट के हैं। पुलिस चारों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। इंदिरानगर सी-ब्लॉक निवासी संदीप सचदेवा का खाता आईसीआईसीआई बैंक में है। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी को साइबर जालसाज ने ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से खाते से 5 लाख रुपये दो खातों में ट्रांसफर हो गए। पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत की। जिसपर दोनों खाते फ्रीज कर दिए गए। पीड़ित संदीप ने गाजीपुर थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करायी है। वहीं, पीजीआई के वृंदावन योजना सेक्टर-6ए निवासी राकेश कुमार ने बताया कि 27 फरवरी की शाम एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने टाटा पॉवर कंपनी का कर्मचारी बताया। कहा कि आपने विद्युत कनेक्शन में नाम परिवर्तन का अनुरोध किया था। वह हो गया है, पीडीएफ भेज दी है। चेक कर लें और केवाईसी के 13 रुपये भेज दीजिए। राकेश ने जैसे ही पीडीएफ पर क्लिक किया तो मोबाइल हैक हो गया। जिसके बाद उनके खाते से 99,500 रुपये गायब हो गए। उधर, पारा के देवपुर कबीरनगर निवासी कल्पना भट्टाचार्य का खाता पंजाब नेशनल बैंक भूतनाथ शाखा में है। उन्होंने बताया कि साइबर जालसाज ने उनके खाते से 2 .13 लाख रुपये पार कर दिए। रुपये कटने का मैसेज देख पीड़िता ने छानबीन की तो पता चला कि जिस खाते में रुपये गए थे, वह गुवाहाटी में है। इसके अलावा चिनहट के मल्हौर एमिटी विवि निवासी राहुल गुप्ता ने बैडमिंटन बेचने के लिए ओएलएक्स पर एड दिया था। इसी दौरान उनके पास एक कॉल आयी। जालसाज ने खरीदार बनकर बातों में फंसाया। उसके बाद उनके खाते से 1.60 लाख रुपये निकल गए।

# बुजुर्ग दंपति को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले तीन और गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



धीरज



आशीष चंद्र



स्पर्श कपूर

- **आलमबाग के रहने वाले दंपति को डिजिटल अरेस्ट कर 90 लाख रुपये ठगे**

**अमृत विचार :** खुद को एटीएस अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपति को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर जालसाजों ने 90 लाख रुपये ठग लिए। इस गिरोह के तीन और सदस्यों को साइबर क्राइम थाने की टीम ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ठगी की रकम को यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी में बदल देते थे, ताकि लेन-देन का पता लगाना मुश्किल हो जाए। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में राजाजीपुरम तालकटोरा निवासी धीरज, स्पर्श कपूर और कृष्णानगर पंडितखेड़ा निवासी आशीष चंद्रा शामिल हैं। इससे पहले साइबर क्राइम थाने की टीम मयंक श्रीवास्तव, इरशाद, मनीष कुमार, मनोज यादव और जितेंद्र यादव उर्फ जीतू को भी गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**क्रिप्टोकरेंसी में बदलते थे ठगी की रकम**

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक पूछताछ में आरोपी धीरज ने बताया कि उसने राहुल पाल के माध्यम से कोटक महिंद्रा बैंक, राजाजीपुरम में खाता खुलवाया था, जिसके लिए उसे आठ हजार रुपये मिले थे। वहीं स्पर्श ने उस खाते से चेक के जरिए रुपये निकालकर आशीष चंद्रा को दिए, जिसके बदले उसे 10 हजार रुपये मिले। आशीष चंद्रा ने पुलिस को बताया कि वह विभिन्न खातों में आए फ्रॉड के रुपये को यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी में बदलने का काम करता था, ताकि रकम का ट्रैक करना मुश्किल हो जाए। पुलिस ने उसके मोबाइल से इससे जुड़े लेन-देन के साक्ष्य भी बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक गिरोह जरूरतमंद लोगों के नाम से बैंक खाते खुलवाता था और उनसे चेक पर हस्ताक्षर करा लेता था। ठगी की रकम इन्हीं खातों में मंगाकर चेक के जरिए निकलवाई जाती थी और बाद में उसे क्रिप्टोकरेंसी में बदल दिया जाता था। इस काम के बदले खाताधारकों और पैसे निकालने वालों को कमीशन दिया जाता था।

**यह था मामला**

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक 26 जनवरी को पीड़ित ट्रांसपोर्ट कारोबारी राकेश बाजपेयी की पत्नी वीना बाजपेयी के मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एटीएस मुख्यालय में तैनात इंस्पेक्टर रंजीत कुमार बताया और उन्हें आतंकवाद व मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त होने का आरोप लगाकर डराया। इसके बाद सिग्नल ऐप डाउनलोड कर संपर्क में रहने को कहा गया।

सिग्नल पर खुद को एटीएस अधिकारी बताने वाले अजय प्रताप श्रीवास्तव ने कथित जांच, सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेश और सीजर दस्तावेज दिखाकर भरोसा दिलाया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए खातों की जांच जरूरी है। इसी बहाने 29 जनवरी से 9 फरवरी के बीच अलग-अलग तिथियों पर आरटीजीएस के जरिए करीब 90 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए गए। इसके बाद आरोपियों ने 11 लाख रुपये और मांगे। रुपये न देने पर धमकी दी गई। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# अनियंत्रित बुलेट सड़क पर गिरी, छात्र की मौत

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार:** आलमबाग में बुलेट अनियंत्रित होने से सड़क पर गिरकर होटल मैनेजमेंट का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार को इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिवारवालों को सौंप दिया।

चंद्रनगर निवासी सुरेंद्र मिश्रा रिटायर्ड बैंककर्मी हैं। परिवार में पत्नी लक्ष्मी और दो बेटे हैं। तीसरा व सबसे छोटा बेटा आशुतोष (19) होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा था। 4 मार्च को आशुतोष घर से बुलेट लेकर किसी काम से निकला था। घर के करीब ही बुलेट अनियंत्रित हो गयी। सड़क पर गिरने से आशुतोष गंभीर रूप से घायल हो गया।। हादसा देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही आलमबाग पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घायल आशुतोष का निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शुक्रवार को इलाज के दौरान आशुतोष की मौत हो गई। आलमबाग इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि मृतक के घरवालों का कोई आरोप नहीं लगाया है।

# पार्क के पास मिला ऑटो चालक का शव

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **गुरुवार सुबह से था लापता, सिर व शरीर पर मिले चोटों के निशान**
- **इंदिरानगर सेक्टर-14 इलाके की घटना**



**अमृत विचार:** इंदिरानगर के सेक्टर-14 स्थित पार्क के पास शुक्रवार की सुबह एक ऑटो चालक का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। उसके सिर व शरीर पर चोटों के निशान थे। परिजन ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से जांच की मांग की। गाजीपुर पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। इंस्पेक्टर गाजीपुर राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो पाएगी।

मुंशी पुलिया निवासी राजेश सोनकर (61) ऑटो चालक थे। पत्नी सुषमा ने बताया कि गुरुवार सुबह पति घर से जरूरी काम पर जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम तक घर नहीं लौटे। परिवारवालों ने तलाश की लेकिन राजेश का कुछ पता नहीं चला। परिजन ने नाते-रिश्तेदारों से भी पूछा, लेकिन कोई जानकारी राजेश की नहीं मिली। शुक्रवार को राजेश का शव सेक्टर-14 स्थित पार्क के पास मिला।

राहगीरों ने शव देख सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही गाजीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। सूचना मिलते ही परिजन भी वहां पहुंचे। परिजन ने बताया कि राजेश के शरीर और सिर पर चोटों के निशान है। परिजन ने हत्या कर शव फेंकने की आशंका जाहिर की है। एसीपी गाजीपुर अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में राजेश का एक्सीडेंट होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# प्लंबर ने की आत्महत्या

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **फैजुल्लागंज स्थित कृष्ण लोक कॉलोनी की घटना**

**अमृत विचार:** मड़ियांव में गुरुवार देर शाम एक प्लंबर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रात में जब बेटा कोचिंग से घर लौटा। पिता को फंदे से लटका देख वह चीख पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूल रूप से सीतापुर निवासी प्लंबर महेंद्र कुमार शर्मा (35) फैजुल्लागंज स्थित कृष्ण लोक कॉलोनी में रहता था। परिवार में पत्नी रीता और चार बच्चे हैं।साले राकेश ने बताया कि गुरुवार शाम घर पर कोई नहीं था। रीता पड़ोसी के घर गई थी और बच्चे कोचिंग गए थे। देर शाम बेटा नैतिक घर लौटा तो उसने पिता को कमरे में पंखे के सहारे साड़ी से लटके हुए देखा। चिल्लाता हुआ नैतिक बाहर भागा। शोर सुनकर पत्नी और आसपास के लोग कमरे में पहुंचे। पति को फंदे से लटका देखकर पत्नी बेसुध हो गई।

इस बीच पड़ोसियों ने डॉयल-112 पर खुदकुशी की सूचना दी। जानकारी मिलते ही मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

**खुलासा** | कृष्णानगर बरिगवां में 12वर्षीय छात्र उनैज की हत्या का मामला

# पूर्व एमएलसी के भाई के गैराज में चली थी गोली

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **पूर्व एमएलसी के भतीजे ने दोस्तों के साथ गैराज में वीडियो बनाते समय चलाई थी गोली**

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार:** कृष्णानगर के बरिगवां में पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी उर्फ गुड्डू त्रिपाठी के बिल्डर भाई संजीव त्रिपाठी के गैराज में सोमवार को गोली चली थी। जिसमें सरोजनीनगर के बेहसा निवासी 12वर्षीय छात्र उनैज की मौत हो गई। गोली उनैज के माथे के बीचोबीच लगी थी।

पुलिस की जांच में सामने आया कि उनैज व पूर्व एमएलसी के भतीजे के साथ मौके पर दो और दोस्त थे। इसमें एक सोशल मीडिया ब्लागर भी है। ब्लागर दोस्त वीडियो बना रहा था। उनैज उसके बाएं तरफ खड़ा था। वहीं, पूर्व एमएलसी का भतीजा उनैज के सिर के बीचोबीच में रिवाल्वर सटाकर खड़ा था। रिवाल्वर के चेम्बर में एक गोली थी। खेल-खेल में ट्रिगर दबाते ही रिवाल्वर से गोली चली और उनैज के माथे में घुस गई। अत्यधिक रक्तस्राव से उसकी मौत हो गई। यह खुलासा घटनास्थल पर मौजूद ब्लागर और उसके दोस्तों से पुलिस की पूछताछ में हुआ है। पुलिस ने हत्याकांड में कई अहम इलेक्ट्रानिक और वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन कर लिया है। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा के मुताबिक घटनास्थल पर उनैज के अलावा उसके एक ब्लागर दोस्त समेत चार लोग थे। ब्लागर दोस्त वीडियो बना रहा था। पुलिस को घटना से जुड़े कई अहम साक्ष्य मिले हैं। जांच की जा रही है। जो भी दोषी मिलेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### नहीं पता था रिवाल्वर के चेंबर में है गोली

- घटनास्थल पर मौजूद उनैज के दोस्तों से पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी कि रिवाल्वर के चेंबर में गोली है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जब रिवाल्वर कब्जे में लेकर उसकी जांच की तो एक ही खोखा फंसा मिला था। पुलिस ने अब रिवाल्वर और खोखे को विधि विज्ञान प्रयोगशाला में बैलेस्टिक एक्सपर्ट के पास जांच के लिए भेजा है। छात्र के परिवारीजनों ने कृष्णानगर पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। छात्र के पिता जमीर के मुताबिक पूरे मामले में छात्र के पिता की भूमिका बेहद अहम है।

# छात्र को गोली मारने वाले दो गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- **24 घंटे में इंदिरानगर पुलिस ने घटना का किया खुलासा, अन्य की तलाश में दबिश**
- **साजिश करने वाले के बारे में पुलिस जुटा रही जानकारी**

**अमृत विचार:** इंदिरानगर सुगामऊ इलाके में गुरुवार को एलएलबी छात्र विकास चौधरी उर्फ विक्की को गोली मारने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंदिरानगर पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। वहीं, साजिश करने वाले के बारे में जानकारी जुटा रही है। आरोपियों के पास से .32 बोर की बिना लाइसेंसी पिस्टल, एक कारतूस व एक खोखा बरामद हुआ है।

इंदिरानगर के तकरोही के दीनदयाल पुरम निवासी एलएलबी के छात्र विकास चौधरी उर्फ विक्की को गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे सुगामऊ इलाके में गोली मार दी गई थी। उसे डा. राम मनोहर लोहिया अस्पातल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने बताया कि गोली उसकी जांघ में लगी है और उसकी हालत खतरे से बाहर है। घटना के संबंध में विकास के भाई आकाश चौधरी ने इंदिरानगर थाने में कौशर खान उर्फ दिलावर समेत छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी थी। जिसमें पुरानी रंजिश के कारण आरोपियों ने विकास को घेरकर असलहे से गोली मारने की बात कही थी। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और सर्विलांस की मदद से संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद गुरुवार देर रात करीब 11:15 बजे तकरोही के हर्ष विहार कालोनी निवासी मोहम्मद आलम को जरहरा इलाके के पास से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद दूसरे आरोपी कुर्सी के टिकैतगंज निवासी मोहम्मद रेहान है। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी बेरोजगार हैं और पुरानी रंजिश के चलते विकास चौधरी पर पिस्टल से फायरिंग की थी। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपी मो. आलम के खिलाफ पहले भी इंदिरानगर और गाजीपुर थानों में मामले दर्ज हैं।

## सिटी ब्रीफ

### थोरैसिक व वैस्कुलर सर्जरी स्पेशलिटी क्लीनिक आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक व आयुर्विज्ञान संस्थान शुक्रवार और शनिवार को थोरैसिक व वैस्कुलर सर्जरी स्पेशलिटी क्लीनिक का आयोजन किया गया। थोरैसिक सर्जन प्रो. (डॉ.) भवतोष बिस्वास ने अपनी पैरामेडिकल टीम के साथ हृदय व छाती संबंधी रोगों से पीड़ित मरीजों को परामर्श व परीक्षण दिया। लगभग 50 मरीजों ने क्लीनिक का लाभ उठाया। संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज ने बताया कि संस्थान जरूरतमंदों को रियायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा व शल्य चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### अरविंदाक्षन को मिलेगा कुंवरपाल स्मृति सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** केपी सिंह मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष नमिता सिंह ने बताया है कि वर्ष 2025 का कुंवरपाल सिंह स्मृति सम्मान कवि, आलोचक, संपादक एवं अनुवादक ए अरविंदाक्षन को दिया जाएगा। सम्मान 26 मार्च को दोपहर 3 :30 बजे कैफ़ी आज़मी अकादमी के सभागार में दिया जाएगा। सम्मान समारोह के बाद ए अरविंदाक्षन का साहित्य की संस्कृति अर्थात प्रतिरोध की संस्कृति विषय पर केंद्रित एकल व्याख्यान भी होगा।

### सस्ती दवाओं के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के तहत महानगर में शुक्रवार को जन औषधि सप्ताह के अवसर पर जागरूकता पदयात्रा निकाली गई। इसका उद्देश्य आम लोगों को सस्ती जेनेरिक दवाओं के लाभ के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक जन औषधि केंद्र खोलने के लिए प्रेरित करना था। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ब्रजेश सौरभ मिश्र ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को बाजार की तुलना में काफी कम कीमत पर दवाएं उपलब्ध कराना इस योजना की बड़ी सफलता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा जन औषधि केंद्र खोलें, ताकि योजना का लाभ व्यापक स्तर पर पहुंच सके। जन औषधि मित्र आरती मिश्रा और केंद्र संचालक विनय शुक्ला ने बताया कि जेनेरिक दवाएं काफी सस्ती हैं।

### खोए मोबाइल वापस पाकर खिले चेहरे

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर कोतवाली की सर्विलांस टीम के प्रयास से गुम हुए 40 मोबाइल फोन बरामद कर शुक्रवार को उनके स्वामियों के सुपुर्द कर दिए गए। इस दौरान लंबे समय से गुम हुए मोबाइल फोन वापस पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बरामद मोबाइल स्वामियों को सौंप दिए। एसीपी ने बताया कि बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत चार लाख रुपये है।

### दंपति को बेरहमी से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज में दंपति को पड़ोसी परिवार ने बेरहमी से पीटा। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल होने के बाद पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कनकहा के रंजीतखेड़ा निवासी सुखराम लोधी के घर के सामने बुधवार को पड़ोस में रहने वाला सूरज नशे की हालत में गाली-गलौज कर रहा था। सुखराम और उनकी पत्नी राधा ने विरोध किया। इसपर सूरज के पिता राजाराम, भाई करन के साथ अरुण, सुनील, शिवम, नन्हके और विष्णुलाल संग पहुंचे और दंपति को पीटा।

# होली मिलन में बरसाए फूल और बैंड की धुन पर झूमे लोग

## गोल्डन सेलिब्रेशन लॉन में अग्रवाल समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक बोरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** श्री अग्रवाल समाज लखनऊ ने शुक्रवार को महानगर स्थित गोल्डन सेलिब्रेशन लॉन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। धनक स्वदेशी बैंड की सुरीली धुनों के बीच लोगों ने फूलों की होली खेली। राधा-कृष्ण के वेष में कलाकारों ने नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

विधायक नीरज बोरा, एमएलसी अशोक अग्रवाल, मुख्य संरक्षक सुरेश अग्रवाल, अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें समाज के 400 से अधिक सदस्य शामिल हुए। शीलू श्रीवास्तव जी का धनक स्वदेशी बैंड की सुरीली स्वर लहरियों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इस मौके पर महामंत्री श्रवण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेश मित्तल, उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण गुप्ता, सुनील अग्रवाल मोनू और विभिन्न अग्रवंशीय सभाओं से आए अतिथियों ने शिरकत की। अंत में सभी ने व्यंजनों का आनंद लिया।



श्री अग्रवाल समाज लखनऊ के होली मिलन कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार



कैंप कार्यालय में महिलाओं के साथ फूलों की होली खेलतीं महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

### माहेश्वरी समाज के होली मिलन में उड़ा गुलाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** माहेश्वरी समाज ने शुक्रवार को निरालानगर स्थित माधव सभागार में समाज के परिवारों के साथ मिलकर धूमधाम से होली मिलन का आयोजन किया। समाज के मीडिया प्रभारी विनोद माहेश्वरी ने उपस्थित समाज के लोगों को गुलाल लगा कर उनका स्वागत किया। महेश पार्वती को नमन करते हुए दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद महेश वंदना, वंदेमातरम् एवं राष्ट्रीय गान के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विशेष सचिव राकेश मालपानी और एपी माहेश्वरी समाज के कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति शीलू श्रीवास्तव के धनक स्वदेशी बैंड द्वारा दी गई। माहेश्वरी समाज लखनऊ कार्यकारिणी की तरफ़ से सभी आने वाले सदस्यों का चंदन का टीका लगाकर एवं आपस में गले मिलकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विनोद माहेश्वरी, राधेश्याम जाजू, संजय काबरा, गोविंद भुराडिया, विनम्र माहेश्वरी, नितिन माहेश्वरी, आशीष माहेश्वरी, निखिल बलदुआ, पंकज तोशनीवाल, विजय प्रकाश असावा, निर्भय माहेश्वरी, गौरव बलदुआ, हनुमान लोया सहित समाज के सभी सदस्य सम्मिलित रहे। महिला मंडल से किरण, मनीषा, मधु, आशा, आभा, मीना, सविता एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे। युवा मंडल से सुनील, संस्कार, वेदांश, श्याम, राम, कृष्णा, वैभव, हर्षिता, गौरीशा एवं अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।



माहेश्वरी समाज के होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद समाज के लोग।

### फागुनी गीतों की मधुर रसधार बही

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोक संस्कृति शोध संस्थान की फागोत्सव श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को गोमतीनगर के विवेक खण्ड स्थित संगीत भवन में होली संगीत बैठकी में फागुनी गीतों की रसधार बही। शुरुआत गणेश वंदना से हुई। लोक गायिका देवेश्वरी पंवार ने पर्वतीय लोकधुनों से भावविभोर किया। गायिका सौम्या गोयल ने होरी खेलो री राधे संभाल के... को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। आद्रिका मिश्रा, अविका गांगुली, अथर्व श्रीवास्तव, भूमि पाण्डेय, आस्था पाण्डेय, प्रवीन गौर, सौम्या गोयल, नूपुर सिंह, नीलिमा गौर, सुमन मिश्रा तथा स्मिता पाण्डेय ने राधा रानी की रंग गई सारी... होरी खेलें बनवारी... जैसे लोकप्रिय फाग गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। सौरभ कमल ने भी गीत प्रस्तुत किया।

### महापौर के कैंप कार्यालय में खेली गई फूलों की होली

**अमृत विचार, लखनऊ :** बालाकदर स्थित महापौर कैंप कार्यालय शुक्रवार को होली मिलन समारोह 'होलिकोत्सव' का आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, अधिकारियों और जनसमूह ने फूलों की होली खेली। कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की झांकियां भी प्रस्तुत कीं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि यह त्योहार समाज में खुशहाली, सकारात्मकता और मेल-मिलाप का संदेश देता है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, बृज लाल, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, जय देवी, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत व नगर आयुक्त गौरव कुमार ने होली खेली। इसके अतिरिक्त पार्षद, भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, व्यापारी संगठन, नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी संगठन, पर्वतीय समाज के लोग उपस्थित रहे।

### इस्कान मंदिर में फूलों की होली कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर इस्कान की ओर से आगामी 8 मार्च को आनंदम मंगल महामिलन फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के सम्बन्ध में इस्कान मन्दिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने प्रेस क्लब में पत्रकारों को जानकारी दी। अपरिमेय श्याम दास के अलावा मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन आनंद स्वरूप अग्रवाल, फेस्टिवल कमेटी के वाइस चेयरमैन लाल बहादुर यादव, वाइस प्रेसीडेंट भोक्ता राम और मधुस्मिता की मौजूदगी रही।

# बैंक में रखी रकम पर भी जकात देना वाजिब

## शिया और सुन्नी हेल्पलाइन पर रोजेदारों की दीनी और शरई समस्याओं का हुआ समाधान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रमजान के दौरान शिया और सुन्नी हेल्पलाइन पर रोजेदारों की दीनी और शरई समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया की ओर से दारुल निजामिया फिरंगी महल की ओर से जारी हेल्पलाइन पर रोजेदारों के सवालों के जवाब मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली के मार्गदर्शन में धर्मगुरुओं का पैनल जवाब दे रहा है। कार्यालय आयतुल्लाह अल उज्मा सैय्यद सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से जारी हेल्पलाइन पर पूछे जा रहे सवालों के जवाब मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी दे रहे हैं। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया की हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने पूछा कि क्या एक नाबालिग बच्चा रमजान के आख़िरी हफ्ते में एतिफाक कर सकता है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि नाबालिग बच्चा अगर नमाज को समझता हो और सही तरीके से पढ़ता हो तो एतिफाक कर सकता है लेकिन अगर वह नासमझ है तो सही नहीं होगा। हेल्पलाइन पर एक सवाल पूछा गया कि अगर कोई शख्स पिछले 6 वर्ष से हर वर्ष हज पर जाने के लिए थोड़ी-थोड़ी रकम बचा रहा है, इस साल वह हज पर जाना चाहता है तो क्या उसे पिछले 6 सालों की जकात अदा करनी होगी? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि जब तक रकम खर्च न हो जाए उस पर जकात वाजिब है।

एक सवाल आया कि क्या जो रकम बैंक में रखी है उस पर भी जकात वाजिब है? जवाब में बताया गया कि हां उस रकम पर भी जकात वाजिब है। शिया हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि अगर कोई रोजेदार किसी की जान बचाने के लिए नदी में कूदे और सिर डूब जाए तो क्या हुक्म है? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि रोजा टूट जाएगा मगर कफ्फारा वाजिब नहीं होगा। एक रोजेदार ने पूछा कि अगर हलाल माल हराम माल में मिल जाए और यह समझ न आये कि क्या हराम है और क्या हलाल हैं तब क्या करें? इसके जवाब में बताया गया कि इस आमदनी का 5वां हिस्सा ख़ुम्स अदा कर दिया जाए तो माल पाक हो जाएगा। हेल्पलाइन पर एक सवाल आया कि अगर कोई शख्स मर जाए तो उसकी पत्नी को उस सम्पत्ति में कितना हिस्सा मिलेगा? जवाब में बताया गया कि अगर मरने वाले के बच्चे नहीं हैं तो तमाम दौलत का चौथाई हिस्सा बीवी का होगा, लेकिन अगर औलादें हैं तो बीवी को आठवां हिस्सा मिलेगा।



रोजा इफ्तार में अखिलेश यादव, मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली व अन्य।

### रमजान में नेकी का सवाब 70 गुना मिलता है

**अमृत विचार, लखनऊ :** रमजान के तीसरे शुक्रवार को जामा मस्जिद ईदगाह में अपने इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि रमजान एक मुबारक का महीना है। जिसमें एक एक नेकी का 70 से 700 गुना तक अल्लाह अपने बंदों को सवाब देता है। इससे नेकी की ऐसी फिजा बन जाती है कि बंदे के दिल का झुकाव बुराई की तरफ से हट जाता है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने रमजान में रोजे को फर्ज किया। इस महीने में शैतान कैद रहता है और रोजेदार के लिए नेक अमल करना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि कुरान मजीद में तीन तरह के विषय हैं। एक अकीदा कि खुदा पूरी दुनिया का मालिक है। उसने दुनिया को पैदा करके उसको दूसरों के हवाले नहीं कर दिया बल्कि वह हर समय पूरी कायनात को अपनी मर्जी के मुताबिक चला रहा है। इसलिए हम सबको अपनी जरूरतें अपने मालिक के सामने रखनी चाहिए। उसका बेहतरीन तरीका दुआ है। दुआ न करने से घमंड पैदा होता है जो खुदा को सबसे अधिक नापसंद है।

### रोजे से इच्छाओं को काबू करने में मदद मिलती है : खालिद

**अमृत विचार, लखनऊ :** माइनॉरिटी डेवलपमेंट फोरम की ओर से शुक्रवार को होटल क्लार्क अवध में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि रोजा एक महान इबादत है, जिसका मकसद रोजेदार के अंदर अनुशासन और संयम पैदा करना है। उन्होंने कहा कि रोजे का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे इंसान के अंदर आध्यात्मिकता पैदा होती है और उसे अपने नफ्स (इच्छाओं) पर काबू पाने की क्षमता मिलती है। इससे वह गरीब और जरूरतमंद लोगों की भूख-प्यास और जीवन की अन्य जरूरतों की कमी की तकलीफ को माहसूस करते हुए खुले दिल से उनकी मदद करने के लिए तैयार हो जाता है। रोजा इफ्तार पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शिरकत की। उनका स्वागत फोरम के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद सुफियान निजामी और सचिव मोहम्मद असलम नदवी ने किया। इस इफ्तार पार्टी में गंगा-जमुनी तहजीब का दृश्य देखने को मिला। रोजेदारों के साथ-साथ विभिन्न धर्मों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विशेष रूप से ईसाई धर्म से फादर डोनाल्ड डिसूजा, सिख धर्म से राजेंद्र सिंह बग्गा, बहाई धर्म से डॉ. गीता गांधी, चांसलर वसीम अख्तर के अलावा विधायक अरमान खान, यास्मीन अंसारी, अरविंद सिंह गोप, सलाहुद्दीन, राकेश वर्मा भी रहे।

# बलरामपुर में थायराइड व विटामिन-डी जांच ठप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मशीन में खराबी से लैब सेवाएं प्रभावित, मरीजों को बाहर से जांच कराने की मजबूरी

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में थायराइड और विटामिन-डी की जांच ठप हो जाने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लैब की मशीन में खराबी आने से जांचें नहीं हो पा रही हैं।

765 बेड वाले बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में रोजाना सात से आठ हजार मरीज पहुंचते हैं। यहां जांच से लेकर इलाज तक की ज्यादातर सुविधाएं निःशुल्क हैं। अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ओपीडी और भर्ती मरीजों के थायराइड और विटामिन-डी की जांच की जाती है। शुक्रवार सुबह भी लैब में नियमित रूप से मरीजों के रक्त के नमूने लिए जा रहे थे। अचानक मशीन में खराबी आने से जांच प्रक्रिया बाधित हो गई। इसके बाद लैब प्रशासन ने दोनों जांचों के नमूने लेना बंद कर दिया। इस दौरान कई मरीजों के रक्त के नमूने पहले ही लिए जा चुके थे, जिनकी जांच शाम तक नहीं हो सकी। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मशीन को ठीक कराने के लिए तकनीकी टीम को बुलाया गया है।

## सिटी डायरी

### एसजीपीजीआई में उन्नत न्यूरो-ओटोलॉजी लैब का उद्घाटन



लैब का फीता उद्घाटन करते हुए निदेशक, साथ में अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व श्रवण दिवस पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में उन्नत न्यूरो-ओटोलॉजी प्रयोगशाला का उद्घाटन संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. देवेंद्र गुप्ता और न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश जायसवाल भी मौजूद रहे। ''कम्युनिटीज टू क्लासरूम्स-हियरिंग केयर फॉर एवरी चाइल्ड'' थीम पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों में सुनने की कमी की समय पर पहचान और इलाज की जानकारी दी गई। न्यूरोसर्जरी विभाग के न्यूरो-ओटोलॉजी यूनिट के प्रमुख डॉ. रवि शंकर ने बताया कि शुरुआती अवस्था में पहचान होने से बच्चों के भाषण, भाषा विकास, संज्ञानात्मक क्षमता और सामाजिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



शिविर में जांच करते चिकित्सक।

### मुख कैंसर से बचाव की जानकारी दी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के दंत चिकित्सा विभाग की ओर से दंत स्वास्थ्य जागरूकता एवं मुख कैंसर जांच शिविर लगाया गया। सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान में पोस्टर अभियान से लोगों को जागरूक भी किया गया। निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों में मुख स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सीएसआईआर-सीडीआरआई की निदेशक डॉ. राधा रंगराजन ने भी विचार रखे। दंत चिकित्सा विभाग की प्रो. डॉ. शेली महाजन ने बताया कि समय पर जांच गंभीर मुख रोगों, विशेषकर मुख कैंसर की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



अपर मुख्य सचिव से मुलाकात करता प्रतिनिधिमंडल।

### प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण अमित कुमार घोष से सचिवालय में मुलाकात कर कर्मचारियों की लंबित मांगों पर चर्चा की। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार रावत, महामंत्री अतुल मिश्र और प्रोविंशियल फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन के मंत्री प्रणय सिंह शामिल रहे। महामंत्री अतुल मिश्र ने अपर मुख्य सचिव से अनुरोध किया कि चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के कर्मचारी संगठनों की मांगों पर जल्द बैठक बुलाई जाए।




बैठक में चर्चा करते ईपीएस-95 पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारी।

### पेंशनरों ने की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय संघर्ष समिति ईपीएस-95 पेंशनर्स लखनऊ मंडल की एक कार्यकारिणी बैठक शुक्रवार को आलमबाग बस स्टेशन के प्रथम तल पर हुई। इसमें पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर 9, 10 और 11 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले तीन दिवसीय प्रदर्शन में भागीदारी पर चर्चा की गई। केएसएस तिवारी, राजीव भटनागर, सुरेंद्र शुक्ला, राजशेखर नागा, आरएन नागालैंड, सुभाष अगुवा, उमाकांत सिंह विशेन, राकेश पांडे और गिरजाशंकर उपस्थित रहे।

संवाद | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी लखनऊ ने हुआ शक्ति रूपेण संस्थिता कार्यक्रम

# अपने-अपने क्षेत्र की महारथी महिलाओं ने साझा किए अनुभव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी लखनऊ ने शक्ति रूपेण संस्थिता कार्यक्रम किया। श्रोताओं के बीच नारी शक्ति के विभिन्न आयामों को रेखांकित करने वाले तीन सत्रों का आयोजन किया गया। स्वयं सिद्धाः संकल्प से सफलता सत्र में पूर्व एथलीट एवं शूटर रचना गोविल, पाककला विशेषज्ञ अलका सिंह तोमर, योग प्रशिक्षक प्राची जैन, एडवोकेट पूनम पाण्डेय, फिल्म / थियेटर कलाकार अर्चना शुक्ला और बिजनेस वूमेन तनुश्री गुप्ता ने अनुभव साझा किए। बिरजू महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष और मुख्य अतिथि डॉ. कुमकुम धर, विशिष्ट अतिथि साहित्यकार पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, आकाशवाणी लखनऊ के केंद्राध्यक्ष आरबी सिंह, सुमोना पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम शुरू किया।

अधिशासी ममता उपाध्याय ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाना और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना है। डॉ. कुमकुम धर ने महिलाओं के आर्थिक तौर पर सक्षम होने पर बल दिया। क़िस्सागोई में अरशाना अज़मत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की अमर बलिदानी वीरांगना ऊदा देवी के शौर्य और साहस को याद किया। अंतिम सत्र राग संग बरसे रंग में आकाशवाणी की कलाकारों ने मधुर गीत प्रस्तुत किए। स्नेहिल श्रीवास्तव और साथी द्वारा प्रस्तुत होली गीत मोरी चुनर में पड़ गए दाग... और हो नंदलाल मारे जाए... ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह उन चुनौतियों और उपलब्धियों को याद करने का अवसर है जो महिलाओं ने समय के साथ हासिल की हैं। हमारा प्रयास समाज में लैंगिक समानता की दिशा में सार्थक संवाद को बढ़ावा देना है। संचालन रूपाली चन्द्रा ने किया। आकाशवाणी लखनऊ के सहायक निदेशक विनय कुमार, चंद्र प्रकाश, आशीष चतुर्वेदी, सुभाष खन्ना आदि मौजूद रहे।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी में हुए कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### एलयू और एकेटीयू अगले दौर में

अमृत विचार, लखनऊ : जन भवन प्रांगण में चल रहे चांसलर कप इंटर यूनिवर्सिटी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में लखनऊ विश्वविद्यालय और एकेटीयू ने शानदार जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बना ली। दिन के पहले मुकाबले में लखनऊ विश्वविद्यालय ने डॉ. शकुंतला मिश्रा नेशनल पुनर्वास विश्वविद्यालय को चार विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएमएनआरयू की टीम ने 12 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। एलयू की ओर से प्रवीण ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 2.5 ओवर में चार विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलयू की टीम की शुरुआत लड़खड़ा गई, लेकिन आशुतोष यादव संकटमोचक बनकर उभरे। उन्होंने 23 गेंदों में 60 रनों की तूफानी पारी खेलकर मैच का रुख बदल दिया और टीम को 9.3 ओवर में जीत दिला दी। इस शानदार प्रदर्शन के लिए आशुतोष यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में एकेटीयू के बल्लेबाज कुंदन ने चौकों-छक्कों की बरसात कर दी। उन्होंने 46 गेंदों में नाबाद 107 रन बनाकर टीम को 137 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। 138 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केजीएमयू की टीम निर्धारित 12 ओवर में सात विकेट पर 93 रन ही बना सकी और 44 रन से मुकाबला हार गई। एकेटीयू की जीत में गेंदबाज एवी उल्लास ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने तीन ओवर में मात्र 11 रन देकर पांच विकेट झटके। शानदार शतक लगाने वाले कुंदन को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

### ईरानी पहलवान शहर में दिखाएंगे दम

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ में खेल के मैदान पर ईरानी पहलवान अपने दमखम का प्रदर्शन करते नजर आएंगे। राजधानी के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 23 से 25 मार्च तक रेसलिंग गोल्डकप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के नामी पहलवान हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता का सबसे बड़ा आकर्षण ईरान के तीन दिग्गज पहलवान होंगे, जो मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बीच भी खेल भावना का संदेश देते हुए लखनऊ के अखाड़े में उतरेंगे। आयोजन सचिव राजेश कुमार सिंह के अनुसार ईरान के विश्वविख्यात पहलवान हामिद (पश्चिम फाइटर्स), हादी ईरानी (गोरक्षा स्टॉर्म) और मिर्जा इरफान (काशी रेसलर्स) गोल्डकप के मुख्य आकर्षण रहेंगे। उन्होंने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने से पहले ही ये तीनों पहलवान भारत पहुंच चुके थे और विभिन्न दंगलों में हिस्सा ले रहे थे। अब इनका लखनऊ में आयोजित होने वाले इस मुकाबले में उतरना तय हो गया है। कुश्ती एसोसिएशन की देखरेख में शहीद भगत सिंह की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी मुकाबले नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में मेजबान उत्तर प्रदेश के साथ हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और महाराष्ट्र की कुल आठ टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें काशी रेसलर्स, अवध वॉरियर्स, बुंदेलखंड फोर्स और रुहेलखंड क्रशर्स जैसी मजबूत टीमें भी शामिल हैं। आयोजन सचिव के अनुसार सभी खिलाड़ी 21 मार्च तक लखनऊ पहुंच जाएंगे, जिसके बाद मुकाबलों की औपचारिक शुरुआत होगी। खेल प्रेमियों को तीन दिन तक रोमांचक कुश्ती मुकाबलों का आनंद देखने को मिलेगा।

### दुकानदारों ने छोड़ी शराब दुकानें

अमृत विचार, लखनऊ : शराब के कारोबार में हो रहे नुकसान के चलते कई दुकानदारों ने दुकानें छोड़ दी हैं। इसका सीधा असर आबकारी विभाग के राजस्व पर पड़ रहा है। कंपोजिट शॉप, कंट्री लिकर, मॉडल शॉप और भांग शॉप के नए आवंटन में भी कारोबारियों की रुचि कम दिखाई दे रही है। आबकारी विभाग के अनुसार लखनऊ क्षेत्र में कई श्रेणियों की दुकानों का रेनेवल सेटलमेंट उम्मीद से काफी कम रहा है। भांग की 43 दुकानों में से केवल 28 दुकानदारों ने ही रुचि दिखाई है। वहीं मॉडल शॉप की स्थिति सबसे खराब रही, जहां 56 दुकानों में से सिर्फ 12 दुकानदारों ने भुगतान किया है, जो लगभग 21.43 प्रतिशत है। कंट्री लिकर की 571 दुकानों में से 374 दुकानदारों ने आवेदन किया है, जबकि कंपोजिट शॉप की 400 दुकानों में से 337 दुकानदारों ने भुगतान किया है। इस तरह कंपोजिट शॉप का सेटलमेंट करीब 84 प्रतिशत, कंट्री लिकर का लगभग 65 प्रतिशत, भांग शॉप का करीब 65 प्रतिशत और मॉडल शॉप का मात्र 21 प्रतिशत ही हो पाया है। अधिकारियों का मानना है कि दुकानों का सेटलमेंट कम होने से विभाग को राजस्व हानि होने की आशंका है। जिला आबकारी अधिकारी करूणेन्द्र सिंह ने बताया कि 6 मार्च से नए टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो गई है और इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 मार्च को दुकानों की लॉटरी निकाली जाएगी। उल्लेखनीय है कि शहर में अंग्रेजी और देशी शराब का मासिक कोटा लगभग 28 लाख लीटर है।

# सिविल सेवा परीक्षा में लखनऊ के मेधावी चमके

## संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा-2025 में मेधावियों ने लहराया परचम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संघ लोक सेवा आयोग ने शुक्रवार देर शाम जारी किया परिणाम

**अमृत विचार:** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा-2025 में लखनऊ के भी मेधावियों ने अपना परचम लहराया है। लखनऊ में पढ़ाई करने वाले विमल कुमार ने 107वीं रैंक हासिल की है। जबकि अमरीकी कंपनी में कार्यरत पीयूष कपूर ने 402वीं रैंक हासिल किया है। जबकि अलीगंज निवासी आदर्श पांडेय को 347वीं रैंक मिली है। इसी प्रकार विकसित भारत युवा नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन करने वाले लखनऊ के वनज विद्यान को 278वीं व विपिन देव को 316वीं रैंक मिली है।

**अभ्युदय योजना के छह अभ्यर्थियों का चयन :** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश के मेधावी युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर संसाधन




और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की दिशा में चलाई जा रही मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना एक बार फिर अपने प्रभावशाली परिणामों के साथ सामने आई है। समाज कल्याण विभाग द्वारा गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में संचालित आवासीय कोचिंग और मॉक इंटरव्यू कार्यक्रम से जुड़े छह अभ्यर्थियों का चयन सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी-2025) में हुआ है।

समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि भागीदारी भवन में संचालित आवासीय कोचिंग से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विमल कुमार को 107वीं, विपिन देव यादव को 316वीं रैंक प्राप्त हुई है। वहीं, भागीदारी भवन आवासीय कोचिंग एवं अभ्युदय योजना के अंतर्गत आयोजित मॉक इंटरव्यू में शामिल मानसी को 444वीं, महेश जायसवाल को 590वीं, अदिति सिंह को 859वीं और तनीषा सिंह को 930वीं रैंक हासिल हुई है। चयनित अभ्यर्थियों को समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बधाई दी है।

### किसान के बेटे हैं विमल



- 107वीं रैंक हासिल करने वाले विमल कुमार मूल रूप से रायबरेली निवासी हैं। उन्होंने लखनऊ में रहकर पढ़ाई की है। उनके पिता रामदेव पेशे से किसान हैं,जबकि माता सियावती देवी गृहिणी हैं।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर को 402वीं रैंक

- लखनऊ के पीयूष कपूर ने 402वीं रैंक हासिल की है। पीयूष 10 साल से अमेरिका में गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। उनके पिता बैंक कर्मचारी रहे हैं, जबकि माता गृहिणी हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में वकालत करते हैं वनज



- डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के छात्र रहे वनज विद्यान को 278वीं रैंक मिली है। वनज मूलरूप से बरेली के रहने वाले हैं। उनके पिता डॉ. पंकज कुमार कृषि मंत्रालय में हैं। वहीं, मां वंदना रानी जापानी लैंग्वेज एक्सपर्ट हैं। वनज सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं।

### विधि छात्र रहे हैं आदर्श



- अलीगंज निवासी आदर्श पांडेय को 347वीं रैंक हासिल हुई है। आदर्श ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई लखनऊ पब्लिक स्कूल की जानकीपुरम ब्रांच से की है। जबकि सिटी लॉ कॉलेज चिनहट से एलएलबी ऑनर्स किया है। उनका चयन पिछले वर्ष भारतीय डाक सेवा (आईपीएस) हुआ था।

# नगर निगम, नवयुग और केकेवी ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को डीएवी डिग्री कॉलेज, लखनऊ में मनमोहन तिवारी मेमोरियल क्रीड़ा प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज, नवयुग कन्या महाविद्यालय और हनुमान क्लब केकेवी ने अपने-अपने मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। शहर के विभिन्न कॉलेजों के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दमदार खेल दिखाया।

प्रतियोगिता में नवयुग कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने बेहतरीन तालमेल और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीबी गुप्ता पीजी कॉलेज की टीम को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा, जबकि हनुमान क्लब केकेवी तीसरे स्थान पर रहा। शतरंज प्रतियोगिता में अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज, लखनऊ का दबदबा देखने को मिला और कॉलेज ने पुरुष व महिला दोनों वर्गों में जीत हासिल की। पुरुष वर्ग में डीएवी डिग्री कॉलेज की टीम दूसरे स्थान पर रही।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आनंद मोहन तिवारी ने प्राचार्य प्रो. राजीव कुमार त्रिपाठी के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सिंह (एसएनएसआरसी, लखनऊ) ने की। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल और शिक्षकों के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता के शुरुआती दौर के मुकाबले भी खेले गए। शारीरिक शिक्षा विभाग के अरविंद बहादुर सिंह और साई के शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।

# खेल प्रतियोगिताएं कल से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 17 खेलों में दिखेगा खिलाड़ियों का दम

**अमृत विचार :** शहर के विभिन्न खेल मैदानों में शनिवार से जिला स्तरीय जूनियर खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत होने जा रही है। खेल निदेशालय की देखरेख में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में कुल 17 खेलों की स्पर्धाएं कराई जाएंगी। प्रतियोगिताएं 10 मार्च तक चलेंगी, जिनमें शहर भर के बालक और बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे।

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी कार्यालय के अंतर्गत आयोजित इन प्रतियोगिताओं के मुकाबले केडी सिंह बाबू स्टेडियम, विजयंत खंड मिनी स्टेडियम, विनय खंड मिनी स्टेडियम और चौक स्टेडियम में खेले जाएंगे। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन चौक स्टेडियम में अंडर-18 बालिका वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता के मुकाबले खेले जाएंगे। इसके अलावा अन्य खेलों की स्पर्धाएं भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग मैदानों पर आयोजित की जाएंगी।

इन प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, जूडो, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, भारोत्तोलन, जिम्नास्टिक, फुटबॉल, वुशू, साइकिलिंग, कबड्डी, बैडमिंटन, हॉकी, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस और तलवारबाजी जैसे खेल शामिल हैं। एथलेटिक्स प्रतियोगिता 10 मार्च को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जिसमें दौड़, ऊंची कूद सहित कई स्पर्धाएं होंगी। वुशू के मुकाबले चौक स्टेडियम में खेले जाएंगे, जबकि हॉकी और बैडमिंटन प्रतियोगिताएं विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में आयोजित की जाएंगी।

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अतुल सिन्हा ने शहर के सभी क्लबों और स्कूलों को पत्र भेजकर अपनी-अपनी टीमों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने के निर्देश दिए हैं।

# 17 स्कूलों के 97 ट्रैफिक मार्शल किए गए प्रशिक्षित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्कूलों के सामने जाम की समस्या के स्थायी निस्तारण की दिशा में पहल शुरू कर दी गई है। हाईकोर्ट के संज्ञान लेने के बाद स्कूलों में ट्रैफिक मार्शल की तैनाती और उन्हें प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसे देखते हुए डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत कराई है। इसमें वर्तमान में 17 स्कूलों के 97 ट्रैफिक मार्शलों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित के मुताबिक शहर में स्कूलों के बंद होने के समय यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से तैनात ट्रैफिक मार्शलों को यातायात पुलिस लाइन में सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में शहर के 17 स्कूलों के 97 ट्रैफिक मार्शलों को यातायात नियमों और व्यवस्था प्रबंधन की जानकारी दी गई।



ट्रैफिक मार्शल को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते टीआई। अमृत विचार

- सात दिनों तक चलेगी प्रशिक्षण कार्यशाला
- स्कूलों के बंद होने के समय यातायात सुधारने की पहल

प्रशिक्षण में लोरेटो कॉन्वेंट कॉलेज, क्राइस्ट चर्च कॉलेज, सीएमएस गोमती नगर विस्तार, सीएमएस स्टेशन रोड, सेठ एमआर जयपुरिया गोमती नगर, सीएमएस गोमती नगर विशाल खंड कैंपस फर्स्ट, एलपीएस, ला मार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज, एसकेडी एकेडमी विक्रांत खंड, जोसेफ इंटर कॉलेज ठाकुरगंज, सेंट फ्रांसिस कॉलेज, लोरेटो इंटरनेशनल स्कूल, एलपीएस साउथ सिटी, कुश कैंपस कॉलेज सेंट और माउंट कार्मल कॉलेज के ट्रैफिक मार्शल शामिल हुए।

# बीबीएयू में खेल महोत्सव में 13 मार्च तक रहेगी खेलों की धूम

**अमृत विचार, लखनऊ:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स इवेंट 2025-26 के समापन सत्र का शुभारंभ हुआ। खेल उत्सव आगामी 13 मार्च तक चलेगा, जिसमें छात्र-छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

प्रतिस्पर्धा में बैडमिंटन सहित विभिन्न इंडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाएं भी होंगी, जिनमें विश्वविद्यालय के एथलीट अपना दमखम दिखाएंगे।

**इन प्रतियोगिताओं पर रहेगी नज़र:** सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 1500 मीटर के साथ-साथ रिले रेस होगें। इसके अलावा शॉट पुट, डिस्कस थ्रो और लॉन्ग जंप

सामूहिक शक्ति और तालमेल का प्रतीक 'रस्साकशी' की प्रतिस्पर्धा होगी।

# यूजीसी नीतियों के विरोध में सवर्ण मोर्चा ने शुरू किया अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जनप्रतिनिधियों को डाक से भेजी चूड़ी-बिंदी, कहा स्पष्ट करें अपना रुख
- पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर लगाए पोस्टर और स्टीकर

**अमृत विचार:** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नीतियों के विरोध में सवर्ण मोर्चा ने शुक्रवार से जागरूकता अभियान की शुरुआत कर दी। संगठन की ओर से लखनऊ के पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में घर-घर पहुंचकर सवर्ण समाज को जागरूक करने के लिए पोस्टर और स्टीकर लगाए गए। इसके साथ ही सवर्ण समाज से जुड़े विधायकों और सांसदों को प्रतीकात्मक विरोध के तौर पर चूड़ी और बिंदी डाक से भेजने का निर्णय लिया गया।

सवर्ण मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित अभिनव नाथ त्रिपाठी ने बताया कि यह निर्णय संगठन के संयोजक संदीप सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी बसंत सिंह बघेल, समाजसेवी टीपी पांडे और आनंद कुमार त्रिपाठी की बैठक में लिया गया। उनका कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि यूजीसी से जुड़े मुद्दों पर अपनी स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं देंगे तो संगठन इस तरह के प्रतीकात्मक



सवर्ण मोर्चा द्वारा भेजी गई चूड़ी व बिंदी।

विरोध को और व्यापक रूप देगा।

उन्होंने कहा कि यूजीसी की आरक्षण नीति से जुड़े हालिया प्रस्तावों को लेकर सवर्ण समाज में असंतोष बढ़ रहा है। संगठन का आरोप है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में आरक्षण कोटा बढ़ाने और सवर्ण वर्ग से जुड़े प्रावधानों को सीमित करने जैसे प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है, जिससे समाज में आक्रोश है। सवर्ण मोर्चा का कहना है कि ऐसी नीतियां मेरिट के साथ न्याय नहीं करतीं और सामाजिक न्याय के नाम पर असंतुलन पैदा कर रही हैं। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि यह आंदोलन धीरे-धीरे राष्ट्रीय स्तर पर फैल रहा है। उत्तर प्रदेश में लखनऊ के अलावा प्रयागराज, वाराणसी और कानपुर में भी इस मुद्दे को लेकर विरोध दर्ज कराया जा चुका है।

शुक्रवार को संगठन की ओर से लखनऊ के कई जनप्रतिनिधियों को चूड़ी और बिंदी डाक से भेजी गई। इनमें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक ओपी श्रीवास्तव, रविदास मेहरोत्रा, योगेश शुक्ला, नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह और रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह शामिल हैं। सवर्ण मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि यूजीसी अपने फैसलों पर पुनर्विचार नहीं करता, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संगठन का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि अपने अधिकारों और न्याय के लिए आवाज उठाना है।

# 10 से लखनऊ पहुंचने लगेंगे एलएसजी के खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 15 से इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा अभ्यास

**अमृत विचार :** वर्ल्ड कप फाइनल के बाद आईपीएल की तैयारियां तेज होने वाली हैं। फाइनल मुकाबला 8 मार्च को खत्म होने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाड़ी राजधानी पहुंचना शुरू कर देंगे। जानकारी के अनुसार 10 मार्च से टीम प्रबंधन और खिलाड़ी आईपीएल की तैयारियों में जुट जाएंगे। बताया जा रहा है कि एलएसजी का अभ्यास शिविर 15 मार्च से राजधानी के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होने की संभावना है। हालांकि अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग का आधिकारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है।

संभावना है कि लीग के मुकाबले 28 मार्च से 31 मई के बीच खेले जाएंगे। आईपीएल के कार्यक्रम की घोषणा के बाद सभी फ्रेंचाइजी अपने-अपने होम ग्राउंड पर तैयारियां शुरू करेंगी। इसी क्रम में लखनऊ में भी एलएसजी के खिलाड़ी अभ्यास के जरिए अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देंगे।

इस सीजन टीम में कई चर्चित खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें अर्जुन तेंदुलकर पर विशेष निगाहें रहेंगी। वहीं पिछले सीजन में एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। ऐसे में इस बार वह अपनी बल्लेबाजी से दमदार वापसी करने की कोशिश करेंगे।

टीम में अब्दुल समद, एडेन मार्करम, आकाश सिंह, अर्जुन तेंदुलकर, अर्शिन कुलकर्णी, आवेश खान, आयुष बदोनी, दिगवेश राठी, हिम्मत सिंह, मणिमारन सिद्धार्थ, मैथ्यू ब्रीत्जके, मयंक यादव, मो. शमी, मिशेल मार्श, मोहसिन खान, निकोलस पूरन, प्रिंस यादव, ऋषभ पंत, शाहबाज अहमद, जोश इंग्लिश, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, एनरिक नोर्खिया, वानिंदु हसरंगा और नमन तिवारी शामिल हैं।

वर्ल्ड कप के बाद आईपीएल को लेकर शहर के क्रिकेट प्रेमियों में भी उत्साह बढ़ गया है। इकाना स्टेडियम में चौके-छक्कों की बारिश देखने के लिए दर्शक बेसब्री से आईपीएल शेड्यूल का इंतजार कर रहे हैं। इकाना स्टेडियम के सीनियर एमडी उदय सिन्हा ने बताया कि जैसे ही आईपीएल का कार्यक्रम जारी होगा, उसी के अनुसार सभी तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी।

### चांसलर कप में एकेटीयू ने जीता मैच

- **अमृत विचार, लखनऊ :** चांसलर कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 में शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच हुआ। इस मैच का विजेता लखनऊ विश्वविद्यालय रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में आठ विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज मनोज शुक्ला ने तेज 25 रनों का योगदान दिया जबकि अभय सिंह ने 21 रनों की उपयोगी पारी खेली। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवीण ने घातक गेंदबाजी करते हुए विपक्षी टीम बल्लेबाजों को दबाव में डालते हुए चार विकेट झटके। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज आशुतोष ने आतिशी पारी खेलते हुए नौ गगनचुंबी छक्कों की मदद से 23 गेंद पर 60 रन बनाकर मैच को एकतरफा कर दिया। लखनऊ विश्वविद्यालय ने 10 वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। शानदार पारी के लिए आशुतोष को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मैच एकेटीयू और केजीएमयू के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एकेटीयू की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज कुंदन ने सभी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। कुंदन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए चांसलर कप का पहला शतक जड़ दिया। केवल 48 गेंद में 14 छक्कों की मदद से, 107 रनों की नाबाद पारी खेली। कुंदन की पारी की बदौलत टीम ने 137 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी केजीएमयू की टीम की शुरुआत भी तेज रही। लेकिन फिरकी गेंदबाज एवी उल्लास ने, तीन ओवरों में पांच विकेट लेकर मैच को एकतरफा कर दिया। केजीएमयू की पूरी टीम 92 रनों पर ही सिमट गई। शानदार शाट की पारी के लिए कुंदन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान राज्यपाल के ओएसडी अशोक देसाई ने टीमों का उत्साह बढ़ाया।

**दबंगई** — होली के दिन हुआ विवाद दूसरे दिन बढ़ा, युवक को घेरकर पीटा

# डीजे पर डांस करने के विवाद में फायरिंग, पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गांव में पुलिस तैनात, काकोरी के नरौना गांव की घटना

**अमृत विचार :** होली के दिन डीजे पर डांस करने को लेकर हुआ विवाद दूसरे दिन खूनी संघर्ष में बदल गया। काकोरी के नरौना गांव में दबंगों ने युवक और उसके दोस्त को घेरकर पीट दिया। इस दौरान तमंचे से फायरिंग भी की गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने दो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया है और गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।

नरौना गांव निवासी सुमित यादव के मुताबिक उनका दोस्त सनी शर्मा, जो सलेमपुर पतौरा का रहने वाला है, बुधवार को होली खेलने गांव आया था। इसी दौरान वह सोनू रावत के घर के सामने बज रहे डीजे पर डांस करने लगा। आरोप है कि इस बात को लेकर सोनू रावत और सचिन पाल ने सनी के साथ मारपीट की और उसे गांव में दोबारा न आने की धमकी देकर भगा दिया। अगले दिन गुरुवार शाम करीब साढ़े पांच बजे सनी शर्मा सुमित यादव के घर होली मिलने आया था।

आरोप है कि इस दौरान सचिन पाल ने अपने साथियों विशाल यादव, नीरज रावत, विशाल रावत और शोभित यादव को फोन कर बुला लिया। कुछ ही देर में सभी लोग बाइक से सुमित के घर के सामने पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान विशाल रावत ने तमंचे से एक राउंड हवाई फायरिंग कर दी और सभी आरोपी मौके से भागने लगे। गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर जुट गए और पीछा कर विशाल यादव और नीरज रावत को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने दोनों की पिटाई करने के बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है।

इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि सुमित यादव की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रथम पक्ष से सुमित यादव, मनीष यादव और सनी शर्मा तथा दूसरे पक्ष से नीरज रावत और विशाल यादव को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार कर चालान किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पुराना मामला वापस लेने का बना रहे थे दबाव

सचिन पाल के मुताबिक पहले दर्ज एक मामले को वापस लेने को लेकर भी विवाद हुआ था। आरोप है कि दबंग घर पहुंचकर धमकी देने लगे थे। विरोध करने पर बीच-बचाव करने पहुंचे नीरज रावत को लाठी-डंडों, ईंटों और धारदार हथियार से पीटकर घायल कर दिया गया। इस घटना का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ है। सचिन पाल ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है।

# पूर्व पार्षद के परिजन को दी जान से मारने की धमकी, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 2015 में नरही के तत्कालीन पार्षद की गोली मारकर की गई थी हत्या

**अमृत विचार:** नरही के पूर्व पार्षद बंटू यादव की हत्या के मामले में जेल में बंद मुख्य आरोपी शिव यादव कुछ दिन पहले जेल से छूटा है। हत्याकांड की सुनवाई कोर्ट में चल रही है। अंतिम निर्णय आना बाकी है। मामले की पैरवी कर रहे बंटू के भतीजे अभिषेक यादव व उनके परिजन को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। मुख्य आरोपी सोशल मीडिया पर कई पोस्ट कर पूरे परिवार को खत्म करने की बात कह रहा है। इस मामले में हजरतगंज पुलिस ने अभिषेक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नरही निवासी अभिषेक यादव के मुताबिक 1 नवंबर 2015 को उसके चाचा तत्कालीन पार्षद अतुल यादव उर्फ बंटू यादव की शिव यादव, बद्री यादव, वैष्णव कुमार उर्फ वासु व अन्य लोगों ने साजिश के तहत हत्या कर दी थी। शिव यादव ने चाचा व पार्षद बंटू यादव को दिन दहाड़े गोली मारी थी। इस मामले में हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मुख्य आरोपी शिव यादव उर्फ शिवा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपी हाई कोर्ट ने 30 मई 2022 को जमानत दे दी थी।

अभिषेक के मुताबिक वह अपने चाचा बन्टू यादव की हत्या के मामले की पैरवी कर रहे हैं। पीड़ित अभिषेक के मुताबिक जेल से बाहर आने के बाद आरोपी शिव अन्य आरोपियों के इशारे पर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। दबाव बना रहा है कि पीड़ित अपने चाचा बन्टू यादव की हत्या के मामले की पैरवी न करे। यही नहीं फेसबुक पर भी धमकी भरी पोस्ट डाल रहा है। अभिषेक के मुताबिक आरोपी शिव की धमकी से वह और उनका परिवार डरा हुआ है। आरोपी उनकी व उनके परिजन की हत्या करने की फिराक में हैं। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।